दिन– बुधवार दिनांक– 11 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा – सरकार देश में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर दे रही है।

02 राज्य सरकार ने दिव्यांगों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की।

03. जदयू सांसद संजय कुमार झा ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की केंद्र सरकार से मांग की।

04. और, कटिहार सदर अस्पताल में बिचौलिये की भूमिका निभाने वाली दो आशा कर्मी गिरफ्तार। दस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार देश में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि श्रम प्रधान क्षेत्रों, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों–एमएसएमई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर बहस का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। चर्चा में भाग लेते हुए, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अरुण भारती ने बजट को दूरदर्शी और समावेशी बताते हुए कहा कि यह वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का आधार बनेगा।

–––बाइट–––

सदन में जो बजट 2026–27 प्रस्तुत हुआ है। वह भारत की आर्थिक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी का बजट है। यह केवल विकास का नही इतिहास की मरम्मत का भी बजट है।

---

विधानमंडल के दोनों सदनों– विधानसभा और विधान परिषद में आज की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। विधानसभा में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बकाया राशि जारी करने को लेकर राज्य ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि सरकार स्टेट नोडल अकाउंट नहीं बना सकी है, इसके चलते लगभग लाभार्थियों की राशि रूकी हुई है।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की स्नेहलता के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि जीविका दीदियों को पहचान पत्र निर्गत करने के लिए विभाग को निर्देशित किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में बंद पड़े तीन हजार तीन सौ चार नलकूपों की मरम्मत के लिए पचहत्तर लाख रुपये से अधिक की राशि पंचायतों को भेजी गयी है।

---

भोजनावकाश के बाद सदन में वित्तीय कामकाज हुआ। तृतीय अनुपूरक बजट के अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी ने कहा कि अब दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए दस लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

———बाइट———

श्री सहनी ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रमंडलों में पांच—पांच सौ बेड वाले मूक—बधिर और नेत्रहीन विद्यालय खोले जायेंगे। मंत्री द्वारा राजद—कांग्रेस के शासनकाल में नरसंहार की चर्चा करने पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। बाद में विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुल बारह हजार एक सौ पैंसठ करोड़ रुपये से अधिक के तृतीय अनुपूरक बजट को स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में विनियोग विधेयक दो हजार छब्बीस पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

---

इधर, विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भूमि सुधार जनसंवाद महाअभियान में अबतक छियालीस लाख आवेदन मिले हैं। इसमें चालीस लाख में नाम, पता और खाता संबंधित गड़बड़ियां पाई गयी हैं। उन्होंने कहा कि विवादित मामलों को राजस्व न्यायालय देखेगा, लेकिन जिन मामलों में विभागीय स्तर पर सुधार हो सकता है उसमें कार्रवाई की जा रही है।

———बाइट———

एक प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार में मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से अभियान चलायेगी।

---बाइट---

भोजनावकाश के बाद सदन में विभागीय बजट पर चर्चा हुई। इधर, आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों ने विधानमंडल परिसर में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य हाथों में पोस्टर बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

---

जदयू सांसद संजय कुमार झा ने आज राज्यसभा में दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के विकास से पूर्वी भारत के वैश्विक संपर्क को नई गति मिलेगी।

---बाइट---

---

लोकसभा सचिवालय ने विपक्षी सांसदों के अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में कुछ कमियां पाई हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार, अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को नोटिस में मौजूद कमियों को दूर करने और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार आगे कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने नियमों के अनुसार मामले में त्वरित कार्रवाई का भी आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद नोटिस को सूचीबद्ध किया जाएगा।

---

प्रदेश के सरकारी चिकित्सा संस्थानों को दलालों से मुक्त करने के अभियान के तहत आज कटिहार में बड़ी कार्रवाई की गयी है। कटिहार सदर अस्पताल में बिचौलिये की भूमिका निभाने वाली दस आशाकर्मियों के विरुद्ध नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। साथ ही दो आशाकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत यह कार्रवाई की गयी है। इधर, हाजीपुर सदर अस्पताल में सक्रिय दो दलालों को पुलिस हिरासत में लेते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत विद्यालय अध्यापक और प्रधानाध्यापक के छियालीस हजार पदों पर नियुक्ति होगी। आयोग ने कहा है इस संबंध में शिक्षा विभाग, अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अधियाचना प्राप्त हो गयी है। जल्द ही परीक्षा के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने केंद्र सरकार से बिहार में धान अधिप्राप्ति की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को भेजे पत्र में श्री कुशवाहा ने फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति बढ़ाने का भी अनुरोध किया है।

---

पटना व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस ने सुरक्षा–व्यवस्था बढ़ा दी है। पूरे कोर्ट परिसर को खाली करा कर तलाशी अभियान चलाया गया। कहीं से कोई विस्फोटक नहीं मिला है। गौरतलब है कि अपराधियों ने ई–मेल के जरिये एक बार फिर परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी है।

---

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गयी। प्रदेश भाजपा की ओर से पटना में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री रामकृपाल यादव और दिलीप जायसवाल ने दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, जिला मुख्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया।

---

पटना के गायघाट इलाके में एसटीएफ और कुख्यात अपराधी राजीव कुमार के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोलीबारी में अपराधी को पैर में गोली लगी है। कुख्यात

राजीव कुमार पच्चीस हजार रुपये का ईनामी था और उस पर बीस से अधिक मामले दर्ज हैं।

---

सीवान पुलिस ने एक व्यापारी से दस लाख रुपये रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी के आरोप में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाईल और फर्जी सिम कार्ड भी बरामद किये गये हैं।

---

मुजफ्फरपुर जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने मनियारी थाना के सब–इंस्पेक्टर कन्हैया कुमार को कर्तव्यहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

बेगूसराय के बलिया अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी दीपक कुमार को अलग–अलग धाराओं में तीन साल कारावास की सजा सुनाई है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के महादेवा गांव के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई।

---

बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बैरी गांव से पुलिस ने दूसरे के नाम पर बैंक खाता खोलकर एक करोड़ सैंतीस लाख रुपये से अधिक की राशि हेरा–फेरी करने के आरोपी युवक अनमोल तिवारी को गिरफ्तार किया है।

---

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सुपौल जिले में संपूर्णता अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत हुई। यह अभियान चौदह अप्रैल तक संचालित होगा।

---

शेखपुरा में जीविका परियोजना के सौजन्य से आज रोजगार–सह–मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले में रोजगार के लिए सात सौ इक्कीस अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से तीन सौ ग्यारह अभ्यर्थियों को अलग–अलग कम्पनियों ने जॉब ऑफर किया।

---

औरंगाबाद के ओबरा में आज जिला प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न विभागों के तैंतीस स्टॉल लगाए गये थे, जहां लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

---

मुंगेर के पोलो मैदान में आज एक दिवसीय प्रमंडल स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, खगड़िया और बेगूसराय के खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा – सरकार देश में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर दे रही है।

02 राज्य सरकार ने दिव्यांगों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की।

03. जदयू सांसद संजय कुमार झा ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की केंद्र सरकार से मांग की।

04. और, कटिहार सदर अस्पताल में बिचौलिये की भूमिका निभाने वाली दो आशा कर्मी गिरफ्तार। दस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।